देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 128 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
बदली धारणा



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 19 अगस्त 2021



मौसम | अधिकतम 31.0° | न्यूनतम 24.0° | 42243.40

2 सालेह की तस्वीर लगा दी है

7 महिला आईपीएल शुरू करने की मांग

# भारतीयों को तेजी से निकालने के निर्देश

## अफगानिस्तान में बदलते हालात के बीच 24 घंटे में दूसरी सीसीएस की बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी की बैठक (सीसीएस) में अगले कुछ दिनों में अफगानिस्तान से भारतीय नागरिकों को निकालने और अफगानिस्तान में हिंदू और सिख समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की रणनीति की समीक्षा की। यह अफगानिस्तान में तेजी से बदलते हालात के बीच 24 घंटे में सीसीएस की दूसरी बैठक है। मोदी ने मंगलवार शाम को पहली सीसीएस बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को अगले कुछ दिनों में युद्धग्रस्त देश में फंसे भारतीयों को तेजी से निकालने और उन्हें हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया। सहायता के लिए अफगान भाई–बहन भारत की ओर देख रहे हैं।

**अफगानिस्तान को लेकर बदलते**

**अफगानिस्तान के हिंदुओं और सिखों को दी जाएगी शरण**

इन घटनाक्रमों की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि सरकार अफगानिस्तान के हिंदुओं और सिखों को शरण देने का भी इरादा रखती है। एक बार भारत आने के बाद इन हिंदुओं और सिखों को दर्जा दिया जाएगा और बाद में उन्हें नए बनाए गए नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के तहत नागरिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने यह भी तय किया है कि उन हिंदुओं और सिखों की नई आपातकालीन वीजा श्रेणी के तहत ई वीजा आवेदन को प्राथमिकता पर दिया जाएगा।

**घटनाक्रम पर नजर रख रही है सरकार:** उच्चतम फैसला लेने वाले



**पीएम मोदी ने अफगानिस्तान में स्थिति से निपटने के लिए निर्देश**

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बैठक में भाग लिया। हालांकि बैठक का विवरण साझा नहीं किया गया था, सूत्रों से यह पता चला है कि प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा तैयार की गई रणनीतियों की समीक्षा की। सरकार ने मंगलवार को अफगानिस्तान में स्थिति से निपटने के लिए कहा। उन्होंने पहले ही अधिकारियों को हिंदुओं और सिखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है और अधिकारियों को काबुल में अपने नेताओं के संपर्क में रहने के लिए भी कहा है।

सरकार के निकाय ने भारतीय संपत्ति से संबंधित मुद्दों और भारतीय कंपनियों और अफगानिस्तान में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा निष्पादित की जा रही कई परियोजनाओं पर भी विचार–विमर्श किया है।

भारत सरकार तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर पूर्ण नियंत्रण के बाद और बिगड़ती परिस्थितियों के बीच अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर नजर रख रही है। कई अफगान नागरिक देश से भाग गए हैं और उनमें से कई भारत आना चाहते हैं।

इन कैबिनेट सदस्यों के अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, पीएम के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और कैबिनेट सचिव राजीव गौबा भी बुधवार को हुई बैठक में मौजूद थे।

**काफी हद तक रुख साफ:** तालिबान के मुद्दे पर भारत का रूख यूं तो काफी हद तक स्पष्ट है। भारत की तरफ से ये भी साफ कर दिया गया है कि उसको तालिबान के कहे पर कोई विश्वास नहीं है। भारत का कहना है कि तालिबान की कथनी और करनी में फर्क है।

### तीन बातों पर निर्भर करेगा फैसला

अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद कुछ देशों का उसके प्रति लचीला रुख साफतौर पर दिखाई दे रहा है। इन देशों के बयानों में भी इस बात का सीधा संकेत दिखाई दे रहा है। भारतीय अधिकारियों का ये भी कहना है कि अफगानिस्तान और तालिबान को लेकर भारत का फैसला कुछ चीजों पर निर्भर करता है। इनमें से पहली है कि भारत के खिलाफ उसकी जमीन का इस्तेमाल न हो। दूसरा है कि वहां पर रहने वाले अल्पसंख्यकों के प्रति तालिबान का कैसा व्यवहार रहता है। इसके अलावा एक तीसरी और बेहद अहम चीज है कि वर्ष 2011 में भारत–अफगानिस्तान के बीच हुए रणनीतिक समझौते पर तालिबान का क्या रुख रहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटों में मिले 35178 नए संक्रमित और 440 मौतें हुई दर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 35,178 नए मामले सामने आए और 440 संक्रमितों की मौत हो गई। वहीं देश में सक्रिय मामलों में कमी दर्ज की गई है जो पिछले 148 दिनों में सबसे कम है। इन 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से ठीक होने वालों की संख्या 37,169 है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार सुबह जारी किया। मंत्रालय के अनुसार फिलहाल देश में साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 1.95 फीसद है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया आरोग्य धारा 2.0 का शुभारंभ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को आरोग्य धारा 2.0 की शुरुआत की। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी रामधनी से बात की जो 2 करोड़वें लाभार्थी हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने योजना के बारे में उनके अनुभव जाने और उनके सकुशल होने की कामना की।

# उत्तराखंड में चुनावी मंथन का आगाज

## अलग–अलग टीमों के साथ 11 मीटिंग करेंगे बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा

**संवाददाता**

देहरादून। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिन के उत्तराखंड दौरे पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मीटिंग करेंगे। अगले साल की शुरुआत में उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव हैं और इन मीटिंग्स में चुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी। इन मीटिंग्स से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष 20 अगस्त को हरिद्वार जाएंगे और वहां साधु–संतों का आशीर्वाद लेंगे। 21 अगस्त को नड्डा देहरादून में राज्य के पूर्व सैनिकों के साथ मीटिंग करेंगे और उनसे चुनाव को लेकर सुझाव लेंगे और समर्थन की अपील करेंगे। पूर्व सैनिकों के साथ यह मीटिंग काफी अहम है क्योंकि आम आदमी पार्टी ने राज्य में एक पूर्व आर्मी ऑफिसर को अपना सीएम उम्मीदवार घोषित किया है।

आम आदमी पार्टी पहली बार

**एक दिन में 48,698 नए मामले, 1,183 मरीजों की मौत**

बीजेपी के लिए यह चुनाव अहम है क्योंकि उसे अब तक का ट्रेंड बदलने की लड़ाई भी लड़नी है। अब तक उत्तराखंड में हर चुनाव में सत्ता बदलती रही है और बीजेपी को इसकी काट भी ढूंढनी है। बीजेपी पांच सालों में राज्य में दो बार सीएम बदल चुकी है। पार्टी के भीतर गुटबाजी भी है। यह सवाल भी है कि बीजेपी राज्य में मौजूदा सीएम को ही मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनाकर चुनाव मैदान में उतरेगी या फिर संयुक्त नेतृत्व की बात करेगी। ये इसलिए भी अहम है क्योंकि उत्तराखंड बीजेपी में कई सीएम पद के दावेदार हैं और उनमें से कुछ पूर्व कांग्रेसी हैं।

उत्तराखंड में चुनाव लड़ेगी। हालांकि, उसने पूर्व आर्मी ऑफिसर को चेहरा बनाकर बड़ा दांव चला है। उत्तराखंड में सेवानिवृत सैनिकों की अच्छी–खासी संख्या है। बीजेपी के एक नेता ने कहा कि बीजेपी पूर्व सैनिकों से बातचीत में बताएगी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेनाओं को ज्यादा मजबूती मिली है।

पार्टी की राज्य इकाई ने नड्डा की 11 मीटिंग प्लान की हैं। बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ब्लॉक प्रमुखों के साथ मीटिंग करेंगे।

बीजेपी के उत्तराखंड अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि इन मीटिंग्स में पार्टी के सभी नेताओं को शामिल किया गया है। सभी को चुनाव से पहले कई टास्क दिए जाएंगे। ये मीटिंग चुनाव की तैयारियों पर ही की जा रही है। ब्लॉक प्रमुखों से लेकर मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री सभी के सुझाव लिए जाएंगे।

# किसानों को केंद्र सरकार का तोहफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट और सीसीइए की बैठक में नेशनल पाम ऑयल मिशन को मंजूरी दे दी गई है। इस पर 11 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि देश में अब भी पाम ऑयल की खेती हो रही है, लेकिन अब इसे बढ़ावा देने की तैयारी की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11,040 करोड़ रुपये के वित्तीय खर्च के साथ खाद्य तेलों– पाम तेल पर राष्ट्रीय मिशन के कार्यान्वयन को मंजूरी दी। तिलहन और पाम तेल के क्षेत्र और उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किसानों के बारे में कहा कि इससे पूंजी निवेश बढ़ेगा। इसके साथ ही रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी। आयात पर निर्भरता कम होगी और किसानों की आय बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत सरकार

**एलान**

- पाम ऑयल मिशन को मंजूरी, खर्च होंगे 11 हजार करोड़

ने आज दो निर्णय लिए हैं, एक तो पाम तेल के कच्चे माल का दाम केंद्र सरकार तय करेगी। इसके साथ ये भी निर्णय लिया गया कि अगर बाजार में उतार चढ़ाव आया और किसान की फसल का मूल्य कम हुआ तो जो अंतर की राशि है वो केंद्र सरकार DBT के माध्यम से किसानों को भुगतान करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेती की सामग्री में जो पहले राशि दी जाती थी उसमें भी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि पहले पाम तेल की रोपण सामग्री के लिए अनुदान 12000 रुपये प्रति हेक्टेयर दिया जाता था अब इसे बढ़ाकर 29000 रुपये प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है। आज पाम तेल की खेती लगभग साढ़े तीन लाख हेक्टेयर में हो रही है ये आने वाले दिनों में 10 लाख हेक्टेयर तक हो जाएगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# 7 लाख 54 हजार 984 लाभार्थियों को राहत

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ वर्चुअल संवाद में कोरोना काल में प्रभावित महिला स्वयं सहायता समूहों और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों के लिए 118 करोड़ 35 लाख रूपए के राहत

**कोरोना में प्रभावित के कारण 118 करोड़ 35 लाख का राहत पैकेज**

पैकेज की घोषणा की। इससे राज्य में 07 लाख 54 हजार 984 लोग लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था में इनका काफी योगदान रहा है। कोविड महामारी के दृष्टिगत इनके क्रियाकलापों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इन स्वयं सहायता समूहों में मुख्यतः राज्य की महिलाएं कार्य करती हैं, जो कि पहाड़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। कोविड महामारी के कारण इन महिला स्वयं सहायता समूहों और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं के लाभार्थियों के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इन्हें राहत देने के लिए इस पैकेज का निर्णय लिया गया है।